



# वीडियो तो नया है, लेकिन बचने के लिए उसे बता रहे पुराना...

## पुलिस अधीक्षक ने लगाई मोहन बड़ोदिया टीआई को फटकार, एसडीओपी को सौंपी जांच

**शाजापुर।** अपनी कार्यप्रणाली और अवैध वसूली के लिए चर्चा में रहने वाले मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल कुर्सी बचाने के लिए सनातन का चोला ओढ़कर रामभक्त बन जाते हैं। यही रामभक्त बड़ोदिया में अल्पसंख्यकों के साथ मिलकर हाजर वल्ली और जुआं चलाते हैं।

ऐसा ही एक वीडियो नवभारत को मिला था, जिस पर खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल को सख्त चेतावनी देते हुए जुआरियों और सटोरियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वीडियो वायरल होने के बाद इसकी जांच शाजापुर एसडीओपी को सौंपी। कार्रवाई से बचने के लिए नए वीडियो को पुराना वीडियो बता रहे हैं थाना प्रभारी, जबकि वास्तविकता यह है कि मोहन बड़ोदिया में खुलेआम दिन में सट्टा, शाम को हाजर वल्ली संचालित हो रही है, जिसके


शाजापुर नवभारत 10
**भीमसिंह के थाने के गल्ले पर बैठते ही शुरू कराया जुआं व हाजरवल्ली का खेल**
मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में खुलेआम संचालित हो रहा इक्का मिंडी का खेल, संतरे के बगीचे में चल रहा हाजरवल्ली और जुआं
मोहन बड़ोदिया में संतरे के बगीचे में सजा हाजरवल्ली और जुआं का अड्डा, रोज लग रहे लाखों के दांव
खुलेआम चल रहा है जुआं और हाजरवल्ली का खेल
दिन में सट्टा और हाजरवल्ली रात में जुआं
दारू से दो लाख रूपए का टारगेट फिक्स
इनका कहना है

**तमाम वीडियो और प्रमाण मौजूद हैं।**

गौरतलब है कि अपनी कार्यप्रणाली को लेकर पहले मक्सी में चर्चा में रहे और उसके बाद मोहन बड़ोदिया के थाना प्रभारी बन गए। यहां भी आते से उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली के अनुसार पैसे कमाने के उद्देश्य से थाने को गल्ला बना दिया। अब फिर वे बड़ोदिया और चौमा में जुएं, सट्ट और हाजर वल्ली को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल को न पुलिस महकमे की छवि की चिंता है, न ही वरिष्ठ अधिकारी, आईजी, डीआईजी और जिले के एसपी का डर है। यही कारण है कि खुलेआम मोहन बड़ोदिया में पुलिस संरक्षण में हाजर वल्ली जैसा काम शुरू करा दिया, जिसके लिए उनकी हिम्मत की दाद देना पड़ेगी, तो चौमा में तो जुएं की दुकानें संचालित कर दी गई है। अब देखना है कि इस मामले में एसडीओपी कितनी निष्पक्ष जांच करते हैं और वे थाना प्रभारी को बचाते हैं या जांच के नाम पर आंच नहीं आने देंगे।

### दिन में सट्टा, रात को चल रहा जुआ और हाजर वल्ली

सट्टा, जुआं और हाजर वल्ली का विकेंद्रीकरण करते हुए थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल ने दिन में सटोरियों को खुली छूट दे रखी है और रात होते ही बाहर से जुआरी और हाजर वल्ली का खेल शुरू हो जाता है। बकायदा रोज का टारगेट फिक्स है कि उन्हें कितनी बलन काटकर देना है। चौमा में जुएं की फड़ आप देख सकते हैं, तो बड़ोदिया में हाजर वल्ली का खेल बिना खौफ के पुलिस संरक्षण में जारी है।

### क्या कार्रवाई होगी या मामला दबेगा...?

मोहन बड़ोदिया में जिस तरीके से जुआ-सट्टा को खुला संरक्षण मिल रहा है, उसके बाद थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कार्रवाई करेंगे या फिर कुछ दिन बाद मामले को दबा दिया जाएगा। देखना यह है कि इस मामले में कितनी सख्ती जुएं-सट्टे को बंद कराने में दिखाई जाती है और थाना प्रभारी पर क्या कार्यवाही होती है।

### जुआ- सट्टा बंद नहीं होगा, जगह बदल दो

बड़ोदिया थाना प्रभारी की हिम्मत की दाद देना होगी कि एसपी की फटकार के बाद भी वे जुआं-सट्टा बंद कराने के बजाय नई जगह पर संचालित करने के मूड में हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बड़ोदिया पुलिस ने जुआरियों-सटोरियों को आदेशित किया है कि वे जगह बदल दें और जगह बदल-बदल कर जुएं-सट्टे का संचालन करें। याने कि मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी आईजी, डीआईजी, एसपी के निर्देशों को ताक पर रखकर सिरमोर बन चुके हैं। अब देखना है कि पूरी तरह जुआं-सट्टा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी बंद करा पाते हैं या थाना प्रभारी चलाने में सफल हो पाते हैं।

**इनका कहना है...**

*पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। किसी भी हाल में जुएं-सट्टे जैसे अवैधानिक कारोबार को संचालित होने दिया जाएगा।*

***- अजय मिश्रा, एसडीओपी, शाजापुर***

# हजारों भक्तों ने किया मां बगलामुखी को नमन

## माता मंदिर में हो रहे अनुष्ठान, अल सुबह से देर रात तक चल रहे यज्ञ, हवन



**नलखेड़ा। चैत्र नवरात्रि के चलते सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार को श्रद्धालुओं की श्रद्धा व आस्था का महासैलाब उमड़ा। रविवार को माता मंदिर पर 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस दौरान भक्तों ने माता के स्वर्ण श्रृंगार के दर्शन किए।श्रद्धालु मंदिर परिसर के अंदर और बाहर लंबी कतारों में आधे घंटे तक खड़े रहे।मन मे श्रद्धा लिए भक्त माता के जयकारों के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ते रहे।**

भक्तों के महासैलाब को देख प्रशासन अधिकारियों ने भी माता मंदिर की व्यवस्था संभाली व माता मंदिर में प्रथम दिन से ही गर्भगृह में प्रवेश बंद कर रखा। गर्भगृह के बाहर से ही मां के दर्शन करना प्रातः कालीन आरती के बाद से ही कतार माता मंदिर पर लगना शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक लगती रही। भक्तों द्वारा माता रानी के आलौकिक दर्शनों का लाभ प्राप्त किया गया। वहीं यज्ञशाला में बड़ी संख्या में हवन अनुष्ठान भी सम्पन्न हुए।रविवार को मंदिर पर उमड़ी भीड़ को देख कर कई श्रद्धालु मंदिर के बाहर से भी शीश नमा कर चले गए। वहीं मां बगलामुखी के समीप बनाए गए वाहन पार्किंग पर भी चार पहिया व दो पहिया वाहन खचाखच भरे रहे।

**मंदिर में हवन अनुष्ठान...**

मां बगलामुखी के दरबार में श्रद्धालु के द्वारा मंदिर पर हवन अनुष्ठान भी किया जा रहे हैं। मां पीतांबरा के दर्शन, पूजन को भक्तों की आस्था का मेला लग रहा। मंदिर क्षेत्र में मंत्रोच्चार, जाप, तप, हवन अनुष्ठान का सिलसिला चल रहा है। मंदिर प्रांगण में रविवार को लगभग 900 से अधिक हवन हुए। यह स्थल तंत्र की क्रियाओं से जाना जाता है।जिसमें आम भक्त और वीवी आईपी भक्त भी अपनी हवन कुंड में आहुति देते हैं।रविवार को माता मंदिर पर कई वीआईपी लोगों का आना जाना लगा रहा। जहा न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी, कई राजनेता विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां पर उनके द्वारा दर्शन पूजन किया गया। वहीं पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे नौ दिवसीय निशुल्क भंडारे में बड़ी संख्या में बाहर से आए भक्तों के द्वारा प्रसादी लाभ लिया।वहीं समिति के सदस्य व जनप्रतिनिधि द्वारा नवरात्रि में भंडारे के लाभार्थी के साथ अन्य दानदाताओं का स्वागत कर सम्मान किया जा रहा।

### मंदिर पर वीआईपी ने तोड़ी व्यवस्था...

विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा मां बगलामुखी मंदिर में वीआईपी व्यवस्था को लेकर कई बार अव्यवस्थाएं सामने आई है. इस व्यवस्था को वीआईपी कल्चर व उनके रिश्तेदार बताकर दर्शन करते हैं. हाल ये है आम भक्तजन माता की एक झलक पाने के लिए बाहर लाइनों में एक घंटे तक खड़े रहे पर वहीं वीआईपी व उनके रिश्तेदार महज पांच से दस मिनट में दर्शन कर लौट रहे थे. परेशानी यह है कि आम भक्त घंटो तक लाइन में खड़ा रहता है और वीआईपी पांच से दस मिनट में दर्शन कर कर चले जाते हैं. इस व्यवस्था से आम भक्त नाराज थे .जब कोई नियम तोड़ने वालों को पुलिस और प्रशासन रोकना भी चाहे तो मजबूरीवश रोक नहीं पाते है.

### प्रशासनिक अधिकारियों ने संभाली व्यवस्था...

रविवार को मां बगलामुखी मंदिर में भक्तों की भीड़ को देखते हुए संयुक्त कलेक्टर व बगलामुखी प्रबंधन समिति अध्यक्ष कमल मंडलोई, एसडीएम किरण बरबड़े, एसडीओपी देवनारायण यादव, तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव व नायब तहसीलदार अरुण चंद्रवंशी, थाना प्रभारी नागेश यादव। पटवारी रामपाल तोमर, पटवारी मुकेश चौहान के द्वारा व राजस्व विभाग के द्वारा व्यवस्था संभाली गई व सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से भी सुरक्षा की दृष्टी से निगरानी की जा रही थी।

# कहीं रहीम काटता है पर्ची, तो कहीं रामू बांटता है बलन...

**बात शाजापुर की**
मनोज पुरोहित

यह एक कड़वा सच है कि जहां राजनीतिक मंचों और सोशल मीडिया की बहसों में लोग धर्म के नाम पर एक-दूसरे की जान लेने पर आमादा रहते हैं. कई आरोप-प्रत्यारोप भी लगाते हैं. यही कारण है कि हिंदू-मुस्लिम का जहर आज पूरे देश में फैल गया है, लेकिन इसके उलट बात करें सट्टे और जुएं के व्यापार में गजब का भाईचारा है. सट्टे की पर्ची और जुएं की फड़ पर हिंदू-मुस्लिम नहीं, गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिलती है. क्योंकि कहीं रहीम सट्टे की पर्ची काटता है, तो कहीं राम बलन बांटता है. कहीं सट्टे का संचालन राम कर रहे हैं, तो बलन रहीम बांट रहे हैं. कहीं रहीम संचालन कर रहे हैं, तो उनकी बलन राम बांट रहे हैं. ये भाईचारा लंबे समय से पूरे जिले में बना हुआ है. अब लोगों को आपसी भाईचारे की मिसाल यदि देखना है, तो वे जुआरियों और सटोरियों से सीखें. शहर में भले ही साम्प्रदायिक तनाव हो जाए, लेकिन कभी भी आपने नहीं देखा होगा कि जुएं-सट्टे के इस व्यापार में हिंदू-मुसलमान हुआ हो. भले ही सट्टे में हिंदू सटोरिये आपस में भिड़ गए हों, मुस्लिम सटोरियों के बीच कहासुनी हो गई हो, लेकिन हिंदू-मुसलमान का भाईचारा सट्टे के व्यापार में अखंड भारत की तस्वीर को बयां कर रहा है.

**शाजापुर भाजपा में सब प्रदेश स्तरीय**

शाजापुर जिले में भाजपा की राजनीति में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर शाजापुर से हैं. प्रदेश भाजपा महामंत्री क्षितिज भट्ट, बबीता परमार शाजापुर से हैं. महिला मोचा की नई घोषणा के बाद प्रदेश नेत्री के रूप में श्रीमती चेतना शर्मा का नाम जुड़ गया. तो संतोष बराड़ा भी प्रदेश कार्यकारिणी में जगह पाने में सफल हो गए. याने कि शाजापुर की भाजपा में प्रदेश भाजपा का दबदबा कायम है. अब देखना है कि प्रदेश युवा मोर्चा की टीम में शाजापुर से किसके भाग्य की चिट्ठी खुलती है.

**कुछ लोगों को प्यारे नहीं लग रहे मियां**

शाजापुर शहर में नए काजी के रूप में काजी पुत्र प्यारे मियां की ताजपोशी की गई. लेकिन पिछले दिनों प्यारे मियां के सम्मान को लेकर आपस में ही तनाव की स्थिति निर्मित हो गई. मुस्लिम समाज के कुछ लोगों को प्यारे नहीं लग रहे हैं नए काजी मियां साहब.

**अंत में...**

जब दांव पर पैसा लगा हो, तो इंसान को तिलक और टोपी नहीं, बस इक्का और बादशाह दिखाई देता है.

# पानी पी रही भेड़ों पर टूट पड़ा मधुमक्खियों का झुंड, 24 की मौत

**शाजापुर।** शुजालपुर के पास स्थित ग्राम सलकनखेड़ी में 24 भेड़ों की जान मधुमक्खियों के काटने से चली गई। इस घटना में दो चरवाहा भी घायल हुआ है जिसे उपचार के लिए शुजालपुर से से सिहोर रैफर किया गया। घायल चरवाहे की पहचान हड़तीगा राम पिता रूपजी के रूप में हुई है जो मूल रूप से ग्राम कांबा तहसील आहोर जिला जालौन राजस्थान निवासी हैं। वह अपने साथियों के साथ मध्य प्रदेश में करीब 350 भेड़ों के झुंड के साथ आए हैं। घटना में उसका एक अन्य साथी भी घायल बताया जा रहा है। घटना उस समय हुई जब भेड़ों का झुंड को चरवाहे जंगल में चरा रहे थे। तभी प्यास लगने पर भेड़ें पास के तालाब में चरने गई तभी अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे एक एक कर भेड़ें बेसुध होकर गिरने लगी और उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही तिलावत पुलिस चौकी और पशु चिकित्सक की टीम मौके पर पहुंची। मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम कर आवश्यक कार्रवाई की गई। चौकी प्रभारी घनश्याम बैरागी ने बताया कि घटना की सूचना पर तत्काल मौके का मुआयना कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई गई। पीड़ित चरवाहे ने बताया कि यह उनके लिए दूसरी बड़ी त्रासदी है। इससे पहले भी 220 भेड़ों की मौत हो चुकी है। 24 भेड़ों के मरने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

# कांग्रेसियों ने चूल्हे पर उबाली चाय, गैस सिलेंडर को पहनाई माला

## मक्सी में ब्लॉक कांग्रेस का धरना, किसानों के मुद्दों पर भी गरजा आक्रोश



**मक्सी। गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और आम जनता की समस्याओं को लेकर रविवार को मक्सी बस स्टैंड स्थित पेट्रोल पंप के सामने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मेहरबान सिंह पटेल के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान अनोखा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। जहां जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह ने चूल्हे पर चाय बनाकर महंगाई का विरोध जताया, तो वहीं कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर के सामने गोबर के कंडे रखकर उसे फूलमाला पहनाई।**




जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह ने कहा कि देश में एलपीजी गैस की समस्या गंभीर होती जा रही है और आम जनता को फिर से पुराने दौर की ओर धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार चूल्हे के धुएं से परेशानी होती है। उसी तरह देश की माताएं बहनें भी इस परेशानी से जूझ रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से गैस समस्या के समाधान की मांग की।धरने के दौरान स्थानीय मुद्दे भी उठाए गए। मक्सी क्षेत्र में बसों के स्टॉपेज बंद होने से व्यापार प्रभावित होने की बात कहते हुए तहसीलदार जितेंद्र चौरसिया से बस स्टैंड पर नियमित स्टॉपेज शुरू कराने की मांग की गई। चेतावनी दी गई कि मांगें पूरी नहीं होने पर प्रशासन का घेराव किया जाएगा। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष चंदर सिंह पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेंद्र श्रीमाल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण पाटीदार, अमर सिंह बकानी ब्लॉक अध्यक्ष, रमेश सेठ, बाबू पटेल, हर्षवर्धन टाइगर पटेल, राजवर्धन पटेल, युवा नेता जीतू गुर्जर, इलियास मंसूरी, चिंतामन मंडलोई सहित कई कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन शरद रावल ने किया।

**स्थिति बद से बदतर हो रही...**

मक्सी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह पटेल ने केंद्र और राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा, जिससे उनकी स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।

### इन मांगों को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन...

धरना प्रदर्शन के बाद तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें प्रमुख मांगें शामिल रहीं। गैस सिलेंडर के दाम कम किए जाएं, गेहूं के समर्थन मूल्य में वृद्धि किसानों और आम जनता से जबरन वसूली पर रोक, बिजली कंपनी द्वारा कुर्की की कार्रवाई बंद हो।

# खेतों में आगजनी, लाखों का नुकसान

**शाजापुर। गर्मी शुरू होते ही आगजनी की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं, पिछले दो दिनों से आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। जिसका कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। रविवार को भी ग्राम दिल्लौद में खेतो में आग लगने से खेत मालिक को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा, वहीं एक युवक की बाईक भी आगजनी की भेंट चढ़ गई।**

घटना रविवार दोपहर 3 से 4 बजे के बीच हुई, जब गेहूं के खेत में आग लग गई। इस घटना में धीरज सिंह की करीब तीन बीघा गेहूं की फसल और आयुष सिंह निवासी दिल्लौद नागटेकरी की बाइक जलकर खाक हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही डायल 112 टीम के आरक्षक लाखन सिंह और पायलट कमलेश बड़कनिया मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया, जिसने पहुंचकर आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग 11 केवी लाइन में फॉल्ट के कारण लगने की आशंका जताई जा रही है। वहीं रविवार को ही मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के ग्राम जसवाड़ा में भी दोपहर 1 से 2 बजे के बीच खेत में आग लगने की घटना सामने आई। हालांकि खेत में गेहूं की कटाई हो चुकी थी, जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ और सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड से आगजनी पर काबू पाया जा सका।

### एक दिन पूर्व भी हुआ था हादसा...

एक दिन पहले भी मां राजराजेश्वरी मंदिर के पास स्थित प्राचीन बावड़ी में आग लग गई थी। उस समय भी शार्ट सर्किट होने से यह हादसा हुआ था। जिसे फायर ब्रिगेड की सहायता से काबू किया गया था। जहां यह हादसा हुआ था वहां फिलहाल मेले का आयोजन किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में व्यापारी अपने प्रतिष्ठान लेकर पहुंचे हैं। यदि आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

**एक नजर में** | पॉस्को एक्ट और साइबर फॉरेंसिक पर एक दिवसीय कार्यशाला

# सायबर अपराधों की प्रकृति और बढ़ते स्वरूपों पर विस्तार से दी जानकारी

**शाजापुर। जिला अभियोजन संचालनालय शाजापुर द्वारा पॉस्को एक्ट सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम डिजिटल एवं साइबर फॉरेंसिक साइंस विषय पर रविवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना एवं विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन प्रदीप भटेले, प्रतीक श्रीवास्तव सहित जिला शाजापुर एवं आगर के अभियोजन अधिकारी, पुलिस अधिकारी, महिला पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारीगण, चिकित्सक, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यशाला में जिले की महिला पुलिस अधिकारी, उप निरीक्षक, सूबेदार, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक स्तर के अधिकारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 ।30 बजे तक आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना ने अपने संबोधन में महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, विशेषकर पॉस्को एक्ट से जुड़े



प्रकरणों में संवेदनशीलता, तत्परता एवं गंभीरता के साथ कार्य करने पर बल दिया। विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय ने भी प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूकता बनाए रखने की आवश्यकता बताई। साइबर एक्सपर्ट मेहुल दुबे ने साइबर अपराधों की प्रकृति, उनके बढ़ते स्वरूप एवं उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी तथा डिजिटल साक्ष्यों के महत्व और साइबर फॉरेंसिक तकनीकों पर प्रकाश डाला। प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन प्रदीप भटेले एवं प्रतीक श्रीवास्तव द्वारा न्यायालय में विचारण के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों पुलिस अधिकारी, विद्यालयों के प्राचार्य, चिकित्सक और अभियोजन अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रभारी उपनिदेशक प्रदीप भटेले द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन हेमेंद्र व्यास एवं ममता पाराशर द्वारा किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर महिला एवं बाल अपराधों की प्रभावी रोकथाम तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।